पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने राजभवन परम्परागत खेल प्रतियोगिता 2022 के विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया

खेल निरंतर खेलते रहें

खेल हमारे जीवन को अनुशासित करते हैं
–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 20 अप्रैल, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में 'राजभवन परम्परागत खेल प्रतियोगिता 2022' के विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया। इन हाउस राजभवन परम्परागत खेल प्रतियोगिता 2022 में खो–खो, कबड्डी, गेंदतड़ी, गिल्ली–डण्डा, किंग, लंगड़ी, कंचा–गोली, रस्सी कूद, लट्टू, गोला फेंक लम्बी कूद, 100 मी0 दौड तथा स्लो साइकलिंग रेस का आयोजन हुआ। इन खेल प्रतियोगिताओं में कुल 495 प्रतिभागियों ने सहभाग किया।

पुरस्कार वितरण के बाद अपने सम्बोधन में राज्यपाल जी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में विलुप्त हो रहे भारतीय परम्परागत खेलों पर की गई चर्चा से प्रेरित होकर राजभवन में आयोजित खेल प्रतियोगिता में भारतीय पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया। उन्होंने कहा परम्रागत खेल बिना किसी व्यय के खेले जाने वाले खेल हैं और ये खेल हमारे जीवन को अनुशासित करते हैं, समय पर निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करते हैं, जीवन को ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि ये खेल प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद भी घरों, स्कूलों तथा अन्य स्थलों पर सभी खिलाड़ी उत्साह से इन खेलों को खेलते और प्रतिभाग करते रहें, खेल निरंतर खेलते रहें।

राज्यपाल जी ने कहा कि बाल्यकाल और खेलों का गहरा नाता है। बच्चे खेलों के माध्यम से नई–नई बाते सीखते हैं। खेल उनका साहस एवं आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उनमें धैर्य, ईमानदारी, सहिष्णुता, निष्ठा जैसे गुणों का समावेश होता है। खेलों में मिली जीत हार से वे नये गुण व अनुभव प्राप्त करते हैं। हार से सबक लेते हैं और कमियों को दूर करते हैं जब कि जीत उन्हें नये उत्साह और प्रेरणा से भर देती है। उन्होंने कहा कि खेल एवं व्यायाम से हमारा तन एवं मन स्वस्थ रहता है। खेल से हमारे जीवन में अनुशासन तथा मिलकर कार्य करने की भावना का संचार होता है। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी विजेताओं को बधाई दिया और कहा कि जो प्रतिभागी जीत हासिल नहीं कर सके वे निराश न हों, अगली बार और तैयारी के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लें।

इस अवसर पर समारोह में उपस्थित प्रदेश के खेल मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने राजभवन में आयोजित परम्परागत खेल प्रतियोगिता को प्रेरणादायी बताया और कहा इसे प्रदेश स्तर तक ले जाने का प्रयास किया जायेगा जिससे शहर तथा गांवों की छिपी हुई खेल प्रतिभाएं सामने आ सके।

अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता ने इस प्रतियोगिता को लुप्त होते प्राचीन भारतीय घरों, मोहल्लों में खेले जाने वाले खेलों का नई पीढ़ी को ज्ञान कराने और उनका सम्वर्द्धन में सहायक बताया।

समारोह में राज्यपाल जी ने राजभवन में नवरात्र के अवसर पर आयोजित गरबा में प्रतिभाग करने वाले विजेता प्रतियोगियों को भी स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्द्धन किया।

इस अवसर पर राजभवन के अधिकारी, कर्मचारीगण एवं राजभवन के अध्यासी उपस्थित थे।

———

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन (190/10)
सम्पर्क सूत्र– 8318116361

परम्परागत खेल प्रतियोगिता 2022
कबड्डी
स्लो साईकलिंग
खो-खो
लट्टू
किंग
रस्सी कूद

परम्परागत खेल प्रतियोगिता 2022
कबड्डी
स्लो साईकलिंग
खो-खो
लट्टू
किंग
रस्सी कूद
गेंदताड़ी
लम्बी कूद
दौड़ 100 मी
गोला फेंक

परम्परागत खेल प्रतियोगिता 2022
कबड्डी
स्लो साईकलिंग
खो-खो
लट्टू
किंग
रस्सी कूद